दिनांकः 18.09.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज जयपुर में एमएनआईटी के 18वें दीक्षांत समारोह में करेंगी शिरकत।
- राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और सेना की दक्षिणी कमान की दो दिन की राष्ट्रीय संगोष्ठी आज से चेन्नई में।
- भारत ने पांचवीं बार एशियाई हॉकी चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया–फाइनल में चीन को एक–शून्य से हराया।
- प्रदेश के पूर्वी जिलों में बारिश का दौर एक बार फिर से शुरू–आज से बरसात की गतिविधियों में बढ़ोतरी की संभावना।

....

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज जयपुर के मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान–एमएनआईटी के 18वें दीक्षांत समारोह में शिरकत करेंगी। राष्ट्रपति समारोह को संबोधित करेंगी। इसके अलावा श्रीमती मुर्मू नवनिर्मित 600–बेड वाले अरावली छात्रावास का उद्घाटन भी करेंगी। हमारे संवाददाता ने बताया कि कार्यक्रम में राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी मौजूद रहेंगे।

....

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और सेना की दक्षिणी कमान की दो दिन की राष्ट्रीय संगोष्ठी–ऐक्य आज से चेन्नई में आयोजित की जा रही है। इसका मुख्य उद्देश्य आपदा तैयारियों को बढ़ावा देना और मुख्य हितधारकों में सहयोग को मजबूत करना है। रेलवे, परिवहन, नागर विमानन, स्वास्थ्य, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन विभाग तथा राज्य और राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और भारतीय सेना के प्रतिनिधि इस संगोष्ठी में शामिल होंगे। इसमें मौसम विभाग के अधिकारी, राष्ट्रीय दूरस्थ संवेदी केंद्र, केंद्रीय जल आयोग तथा भारतीय वन सर्वेक्षण के प्रतिनिधि भी भागीदारी करेंगे। इस संगोष्ठी में सुनामी, भूस्खलन, बाढ, जंगल की आग और चक्रवात तथा हाल की आपदाओं जैसी प्राकृतिक समस्याओं की समीक्षा की जाएगी और इस प्रकार की चुनौतीपूर्ण स्थिति को रोकने के तरीकों पर चर्चा होगी।

....

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में पहले सौ दिनों में किये गये महत्वपूर्ण कामों के बारे में जानकारी देने के लिए आकाशवाणी जयपुर के प्रादेशिक समाचार बुलेटिनों में विशेष श्रृंखला शुरू की गई है। आज हम आपको बता रहे हैं, नारी शक्ति को मजबूत करने के लिए सरकार द्वारा लिये गये निर्णयों के बारे में।

....

जम्मू–कश्मीर में विधानसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान आज हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने मतदाताओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में मतदान के लिए आगे आएं। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में श्री मोदी ने आज मतदान में हिस्सा लेने वाले निर्वाचन क्षेत्रों के मतदाताओं से अपील की कि वे अधिक संख्या में अपने मताधिकार का इस्तेमाल करके लोकतंत्र के इस पर्व को मजबूत बनाएं। उन्होंने युवाओं और पहली बार वोट डालने वाले मतदाताओं को विशेष रूप से मतदान के लिए प्रेरित किया।
गृह मंत्री अमित शाह ने इस बात पर जोर दिया कि मजबूत इच्छा शक्ति वाली सरकार ही जम्मू–कश्मीर को आतंक से मुक्त कर सकती है और नागरिकों के अधिकारों की रक्षा कर सकती है। श्री शाह ने ऐसी सरकार चुनने की आवश्यकता पर बल दिया जो युवाओं की शिक्षा, रोजगार, महिला सशक्तिकरण और क्षेत्र में अलगाववाद तथा भाई–भतीजावाद समाप्ति करने के प्रति वचनबद्ध हो।

....

भारत ने एशियाई हॉकी चैंपियनशिप का खिताब जीत लिया है। कल खेले गए फाइनल मुकाबले में वर्तमान चैंपियन भारत ने मेजबान चीन को एक–शून्य से हराकर पांचवीं बार खिताब अपने नाम किया।

चौथे क्वार्टर में भारत की ओर से जुगराज सिंह ने शानदार गोल किया। इस टूर्नामेंट में भारत ने कुल सात मैच खेले और सभी में जीत हासिल की। भारत ने छठी बार फाइनल में खेला है और पांचवीं बार खिताब अपने नाम किया है। इससे पहले, वर्ष 2011, 2016, 2018 और 2023 में भारतीय टीम चैम्पियन रही।

....

प्रदेश में कल अनंत चतुर्दशी के अवसर पर विभिन्न स्थानों पर गणपति विजर्सन के दौरान हुए हादसों में चार लोगों की मृत्यु हो गई। पाली जिले के सोजत खोखरा नदी में गणपति विसर्जन के दौरान एक युवक गहरे पानी में उतर गया, उसको बचाने के प्रयास में दो युवक भी पानी में उतरे। पानी का बहाव ज्यादा होने के कारण तीनों पानी में डूब गए।
वहीं हनुमानगढ़ में संगरिया की सादुल ब्रांच नहर पर विसर्जन के समय एक युवक का पैर फिसल जाने से पानी में डूबने से मौत हो गई। उधर, जोधपुर के बिलाड़ा में जसवंत सागर बांध से चार सौ मीटर दूरी पर बने गहरे गड्ढे में भरे पानी में डूबने से तीन लोगों की मौत हो गई। गोताखोरों की मदद से तीनों के शवों को बाहर निकाल लिया गया है।

....

जैसलमेर को हरा भरा करने के उद्देश्य से आगामी 22 सितम्बर को पौधारोपण किया जाएगा। इस दौरान एक घंटे में पांच लाख पौधे लगाकर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया जाएगा। हमारे संवाददाता ने बताया कि प्रादेशिक सेना की 128 वीं पैदल वाहिनी और जिला प्रशासन की ओर से आगामी रविवार को यह विशेष पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

....

प्रदेश में मॉनसून की सक्रियता से पूर्वी जिलों में बारिश का दौर एक बार फिर से शुरू हो गया है। भरतपुर में बीती रात से रुक रुक कर बरसात हो रही है। कभी तेज तो कभी हल्की बरसात से निचले इलाकों में फिर से जलभराव की समस्या पैदा हो रही है। हालांकि पानी निकासी के लिये जिला प्रशासन द्वारा पम्प लगवाए गए हैं। धौलपुर जिले में एक बार फिर बरसात ने अपनी रफ्तार पकड़ी। कल दोपहर से शुरू हुई बरसात देर शाम तक जारी रही। इसके बाद देर रात से लगातार बारिश होती रही। कई स्थानों पर जल भराव हो गया है। करौली में बूंदाबांदी हुई। राजधानी जयपुर में बादलों की लुकाछिपी जारी रही। मौसम विभाग के अनुसार आज से बारिश की गतिविधियों में बढोतरी की संभावना है।

....